हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 21 नवंबर 2025

14 अनुशासन जीवन की सबसे बड़ी ताकत...



14 आपरेटर संकट से पीवी-12 धान खरीदी केंद्र में ...





## खबर संक्षेप



### हड़ताल के कारण विलंब से शुरु हुई धान खरीदी

**दुर्गुकोंदल।** आदिम जाति सहकारी समिति दमकसा के अंतर्गत संचालित खरीदी केंद्र पुजारीपारा में 20 नवंबर को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। सरपंच कलंगपुरी सियाराम मंडावी, नोडल अधिकारी दिलीप सोनकर, ग्राम पटेल उजियार राम, कमलेश नाग, सुदेश कुमार तोपा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में केंद्र में पहली बोरियों की तौल कर खरीदी प्रक्रिया शुरू की गई।

### वाटर फॉल में गिरने से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत चर्रे मर्रे वाटर फॉल में गिरने से महाराष्ट्र राज्या के चंद्रपुर जिला अंतर्गत माजरी निवासी 34 वर्षीय श्यामसागर का मौत हो गया। दुर्ग जिला के गुरूवार निवासी चंदन सिंहा ने पुलिस को बताया कि वह अपने कुछ दोस्तो के साथ पिकनिक शेष पेज 12 पर

**अपराध :** लोकेशन की पुख्ता खबर मिली, साइबर टीम पहुंची तो चाटाई और ताश मिले

# जुआरियों ने तैयारी की इंटेलिजेंस टीम मिलती है दबिश की एडवांस में खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

क्षेत्र में अवैध जुआ के खिलाफ पुलिस और साइबर टीम लगातार अभियान चला रही है। कुछ दिन पहले देर शाम साइबर टीम को मिली एक पुख्ता लोकेशन पर अचानक कार्रवाई करने पहुँची, परंतु वहाँ पर केवल चटाई व ताश के पत्ते मिले। जुआरियों ने अपनी सुरक्षा के ऐसे पुख्ता इंतजाम कर रखे थे कि जुआरियों को पकड़ने के लिए पहुँची टीम के पहले ही जुआरी नौ दो ग्यारह हो गए।

जानकारी के अनुसार साइबर टीम जिस स्थान पर पहुँची, उसके आसपास के गांवों में जुआ लंबे समय से चल रहा था। शिकायतों के बाद टीम ने लोकेशन ट्रेस की और दबिश की योजना बनाई। लेकिन टीम को इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था कि जुआरियों ने आधुनिक तकनीक से बचने के लिए देसी तरीके अपनाए हैं।

**खास बातें**

- ग्रामीणों ने कई बार की शिकायत, पुलिस टीम पहुंची पर जुआरी नदारद
- गांव-गांव में जुए का फड़, घर-परिवार उजड़ रहे



साइबर टीम जैसे ही मुख्य मार्ग से जंगल के रास्ते मुख्य सड़क से उतरी, उसी समय मुख्य सड़क पर तैनात जुआरियों के संतरी ने मोबाइल से अंदर बैठे जुआरियों को जानकारी दे दकिया कि पुलिस आ रही है, सब हट जाओ। जानकारी मिलते ही जुआ में शामिल लगभग एक दर्जन जुआरी पुलिस से बचने के लिए जिसे जिधर जगह मिली, उधर भाग निकले। साइबर टीम जुआं स्थल पर जब तक पहुँची, वहां सिर्फ बिखरे ताश के पत्ते, कुछ बोतलें और चौपालनुमा जगह पर बिछी चटाई ही मिली। टीम ने मौके का मुआयना किया और आसपास तलाशी भी ली, लेकिन किसी जुआरी को पकड़ा नहीं जा सका। टीम को यह जानकारी थी कि इस फड़ में जिले के बाहर से भी जुआरी जुआ खेलने पहुँचे थे। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन हर बार जुआरी बच निकलते हैं। कुछ लोग मानते हैं कि पुलिस कार्रवाई के प्रति गंभीर है, जबकि कईयों का कहना है कि जब तक संरक्षण देने वालों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक जुआ का यह खेल नहीं रुकेगा।

### प्रभावशाली लोगों का संरक्षण जुआ फड को

गांव के एक बुजुर्ग ने बताया यहां जुआ कोई नया नहीं है। हर त्योहार, हर शनिवार-रविवार को लग जाता है। अब तो हालत यह है कि जुआरियों ने अपनी खुद की इंटेलिजेंस टीम बना रखी है। सड़क पर निगरानी रखने के लिए चार-पांच लड़कों को पैसे देकर रखा जाता है, ताकि पुलिस की गाड़ी या जवान की टीम को देखते ही अंदर सूचना पहुंच जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह जुआ सिर्फ छोटे-मोटे लोगों का खेल नहीं है। इसके पीछे स्थानीय स्तर के प्रभावशाली लोगों का संरक्षण माना जा रहा है।


### कई गांव में लगते हैं फड़, हर मुंडी पर वसूलते हैं शुल्क

हरिभूमि को अभी तक मिली जानकारी के अनुसार जिले में कई जगह जुआरियों की फड़ लग रही है, जिसमें ढेकुना, चवांड़, सरोना, घोटिया, कन्हनपुरी, कोरर क्षेत्र, लखनपुरी, नरहरपुर क्षेत्र में चल रहा है। इन जगहों पर चलने वाले जुआं पर सायबर टीम फोकस करती है तो बड़े जुआरी पकड़ में आ सकते है। जुआरियों में यह भी चर्चा है कि जुआ खिलाने वाले गिरोह में शामिल लोग बड़े स्तर पर रकम का लेनदेन करते हैं। बताया जा रहा है कि रातों-रात लाखों रुपए का खेल होता है। इस अवैध कारोबार में कुछ स्थानीय लोग संरक्षण देते है और हर मुंडी पर शुल्क वसूलते है।

### कार्रवाई जारी रहेगी, हमारी टीम सतर्क

पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने कहा कि जुआ, सट्टा, अवैध शराब और नशे के खिलाफ अभियान जिले में लगातार जारी है। यदि किसी भी रूप में प्रभावशाली लोगों द्वारा इसमें सहयोग देने की बात सामने आती है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। सायबर टीम को इनपुट मिला है कि दूसरे जिले के लोग जुआं खेलने आते है, संदेहियों के नंबर मिले है, जिनकी खोजबीन जारी है।

### बेकाबू बाइक से दो गिरे, एक की मौत होने पर मामला दर्ज



**कांकेर।** अलबेलापारा गार्डन के पास लगभग चार माह पहले हुई सड़क दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि आरोपी वाहन चालक द्वारा वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चला रहा था, जिसके कारण वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में बाइक में पीछे बैठे युवक का मौत हो गया। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे मध्यप्रदेश के ब्यावरा निवासी 28 वर्षीय दिनेश प्रजापति पिता गोपाल प्रतापति ने पुलिस को बताया कि मेरा छोटा भाई कोरर थानांतर्गत ग्राम आलबेड़ा निवासी राधेश्याम प्रजापति किरण सलाम से वर्ष 2020 में प्रेम विवाह किया था। मेरी बहू को लड़की हुई, जिसका फोन के माध्यम से मेरा भाई राधेश्याम प्रजापति बताया और बोला कि मुझे पैसो की जरूरत है। उसी दिन फोन पे के माध्यम से उसके खाता मे पैसा भेज दिया था। उसके बाद 6 जून को मेरा भाई राधेश्याम शेष पेज 12 पर

### केंद्रीय मंत्री को स्थानीय काष्ठ शिल्प की भेंट



**कांकेर।** धमतरी में आयोजित 21 वीं किसान सम्मान निधि कार्यक्रम में कृषि एवं पंचायती विभाग के केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने उन्हें स्थानीय काष्ठ शिल्प भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह तथा मंत्री तोखन साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में किसानों को लाभान्वित करने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी दीऔर केंद्र व राज्य सरकार द्वारा कृषि विकास के प्रति किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की गई।

## पटवारियों को धान खरीदी केंद्रों के प्रबंधक व प्रभारी बनाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले में धान खरीदी के लिए जारी प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बीच पटवारी संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर धान खरीदी केंद्रों में पटवारियों की ड्यूटी प्रबंधक एवं खरीदी प्रभारी के रूप में लगाए जाने पर आपत्ति जताई है। संघ ने मांग की है कि पटवारियों की ड्यूटी पूर्व की भांति केवल नोडल अधिकारी के रूप में ही लगाई जाए, ताकि उनके मूल राजस्व कार्यों में बाधा न आए। राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ की प्रांतीय इकाई ने 13 नवंबर तथा जिला इकाई ने 14 नवंबर को जारी पत्रों में स्पष्ट कहा है कि पटवारियों का मूल कार्य राजस्व संबंधी फील्ड वर्क है,

- संघ ने कलेक्टर से ड्यूटी समाप्त करने की मांग की



जबकि खरीदी केंद्र प्रबंधन और खरीदी प्रभारी का कार्य पूरी तरह व्यवसायिक प्रकृति का है, जो उनके अनुभव क्षेत्र से बाहर है। संघ का कहना है कि बीते वर्षों में पटवारियों को केवल नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी दी जाती थी, लेकिन इस वर्ष कलेक्टर कार्यालय द्वारा 24 अक्टूबर को जारी आदेश क्रमांक 849 और 12 नवंबर के आदेश क्रमांक 908 के तहत लगभग 55 पटवारियों शेष पेज 12 पर

## घर में तीन भालुओं के घुसने से दुधावा बस्ती में दहशत पर वन विभाग है मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुधावा

नरहरपुर विकासखंड के दुधावा बस्ती में एक बार फिर भालू के आतंक ने लोगों की नींद उड़ा दी है। देर रात मोहल्ले के युवक प्रभात यादव के घर में तीन भालुओं के घुस आने की घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अचानक हुई इस घटना ने ग्रामीणों को दहला दिया है। भालुओं ने घर में रखी राशन सामग्री को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया और अधिकांश सामान चट कर गए। घर के भीतर घुसकर तांडव मचाते भालुओं की गतिविधियां सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई हैं, जिनकी तस्वीरें तेजी से इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। दुधावा बस्ती में इससे पहले भी कई बार जंगली जानवरों की आवाजाही देखी गई है। कुछ दिन पहले इसी मोहल्ले में तेंदुए के दिखाई देने की घटना सामने आई थी, जिसके बाद से लोगों में जंगल से सटे होने का भय और ज्यादा बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि रात होते ही गलियों और खेतों में भालू के घूमने की सूचना मिलती शेष पेज 12 पर

- दुधावा बस्ती में फिर भालू का आतंक, वन विभाग की चुप्पी पर सवाल




# धान खरीदी ने पकड़ी रफ्तार, कलेक्टर के निर्देश पर जमीनी अमला हुआ सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर/बासनवाही

स्थानीय किसानों की लगातार समस्याओं को उठाए जाने के उपरांत और मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरूण वर्मा पूरी टीम के साथ बासनवाही धान खरीदी केंद्र पहुँचे और खरीदी की शुरूआत करवाया। अनुविभागीय अधिकारी ने बासनवाही खरीदी केंद्र की समीक्षा किया और कहा कि किसानों को दिक्कत नहीं आनी चाहिए।

- धान खरीदी पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके हो, किसानों को न हो परेशानी



एसडीएम की इस पहल का किसानों ने स्वागत किया। जिले में इस वर्ष धान खरीदी ने गति पकड़ ली है। कलेक्टर के निर्देश पर जिला प्रशासन, राजस्व विभाग, खाद्य विभाग और कृषि विभाग की संयुक्त टीम पूरी सक्रियता के साथ खरीदी केंद्रों में व्यवस्थाओं की निगरानी कर रही है। प्रशासन का लक्ष्य है कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और धान खरीदी पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो। एसडीएम अरुण वर्मा ने जानकारी दी कि जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में व्यवस्थाएँ पूर्ण कर दी गई हैं। किसानों की सुविधा के लिए ऑनलाइन तुहार टोकन ऐप के माध्यम से टोकन जारी किए जा रहे हैं। इसके साथ ही जो किसान मोबाइल ऐप का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं, उनके लिए समितियों के माध्यम से टोकन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे किसानों को खरीदी केंद्रों में अनावश्यक भीड़ से राहत मिल रही है और प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही है।

एसडीएम कांकेर ने 20 नवंबर को डंवरखार, बासनवाही, सरोना और घोटियावाही धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया गया। उन्होंने प्रत्येक केंद्र में भंडारण, तौल मशीन, बारदाना, शेष पेज 12 पर

### सर्वजनिक शराबखोरी 4 को पुलिस ने दबोचा



**कांकेर।** गोण्डाहुर पुलिस ने चार लोगो को सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते हुए पकड़ा और आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संजय दास, प्राणकृष्ण, सरोज बाला और बसंबर देवनाथ सभी पीव्ही 36 निवासी 18 नवंबर को गोण्डाहुर बाजार के पास महुआ शराब का सेवन कर रहें थे। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

जन्मदिन उत्सव

महाबम्पर ड्रा

कल के अंक में देखें

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा। भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## दो अलग-अलग स्थानों पर चोरी की हुई वारदात, पुलिस आरोपियों की तलाश में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कांकेर शहर में दो अलग-अलग स्थानों पर चोरी की घटनाओं ने पुलिस की सक्रियता बढ़ा दी है। महाराणा प्रताप चौक स्थित मोबाइल दुकान और पंडरीपानी स्थित शासकीय शराब दुकान के पास से मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायतों पर थाना कांकेर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना महाराणा प्रताप चौक नया बस स्टैंड के सामने स्थित मोबाइल दुकान की है। बरदेभाठा निवासी नरेन्द्र साहू पिता विजय लाल साहू ने पुलिस को बताया कि 19 नवंबर की रात करीब 9 बजे वह दुकान में ताला लगाकर घर चला गया। अगले दिन 20 नवंबर को सुबह लगभग साढ़े 3 बजे किसी अज्ञात चोर ने दुकान के टीनाशेड को तोड़कर अंदर घुसकर चोरी को अंजाम दिया। चोर दुकान में रखे कुल 45,800 रुपए मूल्य के मोबाइल फोन ले गया। पीड़ित की शिकायत पर थाना कांकेर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 305(ए), 331 (4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। दूसरी घटना पंडरीपानी स्थित शासकीय शराब दुकान के पास हुई शेष पेज 12 पर



पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2025-26) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (GDA) जनरल ड्यूटी एसिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सूरजपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बीजापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कांकेर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक | विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है |

नोट :-

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे | साथ ही 55 रूपये का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे | (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा |
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे |
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है |
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है | अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें |

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-05.12.2025 तक |

आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-10.12.2025 तक |

आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, ओम प्लाजा, बजरंग चौक, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

महोदय,

............ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ............ 2. पिता / पति ............
3. जन्म तिथि अंको में ............ 4. वर्ग:- अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ............ पोस्ट ............ तहसील ............ थाना ............ जिला ............ पिन कोड ☐ मो. नं. 1 ............ मो. नं. 2 ............ वाट्सअप नं. ............
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ............
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### मृतक के परिजनों को सहायता राशि के बार में दी गई जानकारी



फरसगांव। नेशनल हाईवे 30 मसोरा टोल प्लाजा मे हुए दर्दनाक सड़क हादसे में स्कॉर्पियो में सवार ग्राम भैंसाबेड़ा बड़ेडोंगर लखन मण्डावी, उसके पुत्र भूपेंद्र मण्डावी और भतीजे रूपेश मण्डावी के साथ गांव के नूतन मांझी और शत्रुघन मांझी की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दो गम्भीर रूप से घायल का रायपुर अस्पताल और चार घायलों को जिला अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती किया गया है. वहीं एक घायल को मामूली चोट आने से छुट्टी दे दी गई है। सभी पांचों मृतकों का बुधवार को गांव में अंतिम संस्कार किया गया।गुरुवार को सुबह करीब 10 बजे फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पूसाम, नायब तहसीलदार निधि नेताम एवं शिक्षा विभाग की ओर से एबीईओ उदित सोनी, ग्राम पंचायत विभाग संयुक्त रूप से मिलकर 5 मृतकों के परिजनों और घायलों के परिजनों से मुलाकात की। राजस्व विभाग की ओर से सड़क दुर्घटना में, शिक्षा विभाग की ओर से स्कूली छात्र की दुर्घटना में प्रदान किए जाने वाले सहायता राशि एवं पंचायत विभाग से श्रद्धांजलि योजना के तहत एवं जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री बीमा योजना के संबंध में सहायता राशि मिलने संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दिया गया।

### छात्र- छात्राओं का स्कूल में आयुष्मान कार्ड बनना शुरू



कोण्डागांव। जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने का विशेष अभियान तेजी से जारी है। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम मोबाइल ऐप के माध्यम से शालाओं में पहुंचकर स्कूली छात्र–छात्राओं के आयुष्मान कार्ड तैयार कर रही है, ताकि बच्चों को समय पर निःशुल्क स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिल सके। सीएमएचओ डॉ. चतुर्वेदी ने जिले के ऐसे सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की है जिनका आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बना है। उन्होंने कहा कि नागरिक अपना राशन कार्ड, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर लेकर अपने नजदीकी स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क कर आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं। अधिकारी ने बताया कि आयुष्मान कार्ड बन जाने से पात्र लोगों को उपचार के दौरान योजना में शामिल सभी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इसी उद्देश्य से पूरे जिले में अभियान को गति दी गई है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक इस सुविधा से वंचित न रहे।

### एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन की तिथि 25 नवंबर तक बढ़ी

कोण्डागांव। खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के तहत एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब किसान 25 नवंबर तक एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन, कैरीफारवर्ड, फसल पंजीयन और रकबा संशोधन कर सकेंगे। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिन किसानों का पंजीयन अभी शेष है, वे तहसील कार्यालय जाकर आसानी से नया पंजीयन और रकबा संशोधन करा सकते हैं। पोर्टल पर पंजीयन प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से यह अतिरिक्त समय दिया गया है। किसान पंजीयन संबंधी सहायता के लिए एग्रीस्टैक हेल्पडेस्क खाद्य विभाग टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। शासन द्वारा धान खरीदी पंजीयन में डुबान प्रभावित किसानों, वन पट्टाधारी कृषकों तथा शेष किसानों के हित में एक सप्ताह का अतिरिक्त अवसर प्रदान किया गया है, ताकि सभी पात्र किसान पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण कर सकें।

# कोंडागांव के 301 बिहान समूहों को 11 करोड़ से अधिक का बैंक लिंकेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अलग खबर

विकास नगर स्टेडियम ग्राउंड में 17 नवम्बर को बूढ़ादेव महोत्सव, लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद महेश कश्यप, कांकेर सांसद भोजराज नाग, विधायक सुश्री लता उसेण्डी, विधायक नीलकण्ठ टेकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए बड़ा कदम उठाया गया। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और सीईओ जिला पंचायत अविनाश भोई के मार्गदर्शन में जिले के 301 महिला स्व–सहायता समूहों को कुल 11 करोड़ 12 लाख 50 हजार रुपये का बैंक लिंकेज चेक के माध्यम से वितरण किया गया।

## महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को मिली नई गति



### जर्नी ऑफ डिग्निटी पुस्तक का हुआ विमोचन

कार्यक्रम के दौरान बिहान समूहों की आजीविका सफलता यात्राओं पर आधारित पुस्तक जर्नी ऑफ डिग्निटी स्टोरी ऑफ बुक का विमोचन मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला मिशन प्रबंधक विनय सिंह, विकासखण्ड स्तरीय बिहान टीम, लखपति दीदी और बड़ी संख्या में महिला समूह सदस्य उपस्थित रहे।

## कार्रवाई: अनिवार्य सेवा अधिनियम लागू होने से रद्द हुई अनुमति

# आंदोलनरत सहकारी समिति कर्मी ऑपरेटरों को एसडीएम ने हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सहकारी समितियों के कर्मचारी और कंप्यूटर ऑपरेटर अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर तीन नवम्बर से कृषि उपज मंडी प्रांगण में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं।

■ हड़ताल स्थल पर तनाव की स्थिति बनी रही

शासन ने इस हड़ताल को अवैध घोषित करते हुए अनिवार्य सेवा अधिनियम लागू कर दिया है। बुधवार को तहसील कार्यालय में जिला प्रशासन ने प्रतिनिधियों से चर्चा कर हड़ताल समाप्त करने के निर्देश दिए थे। गुरुवार को जब कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त नहीं की तो जिला प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए कृषि उपज मंडी प्रांगण में धरना, प्रदर्शन की अनुमति तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए प्रदर्शन स्थल खाली करने को कहा। सूचना मिलते ही एसडीएम ऋषिकेश तिवारी मंडी प्रांगण पहुंचे जहां हड़ताली कर्मचारियों और प्रशासन के बीच तनाव की स्थिति बन गई।





प्रदर्शन स्थल खाली करवाने की कार्रवाई की जानकारी मिलने पर कांग्रेस के पदाधिकारी भी मंडी प्रांगण पहुंचे। एसडीएम ने बताया कि शासन ने अनिवार्य सेवा अधिनियम लागू कर हड़ताल को अमान्य कर दिया है इसलिए आंदोलनकारियों को मिली अनुमति स्वतः ही निरस्त हो गई। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को पूर्व में भी मंडी प्रांगण खाली करने के निर्देश दिए गए थे परंतु आदेश का पालन न करने पर आज उन्हें स्थल खाली करने पहुंचना पड़ा।

### हड़ताल से धान खरीदी कार्य प्रभावित

इधर सहकारी समितियों और कंप्यूटर ऑपरेटर संघ की हड़ताल का खामियाजा किसानों को उठाना पड़ रहा है। पखनागुड़ा के किसान एंटी मंगाराजू ने बताया कि तीन दिनों से लैंप्स का चक्कर लगा रहे हैं। संस्था में बैठाए गए नए कर्मचारी न तो रकबा निकाल पा रहा हैं, न विवरण और न ही किसान का परिचय पत्र निकाल पा रहे हैं। संस्था में न टोकन की व्यवस्था है और न हमाल उपलब्ध हैं । जिससे किसानों का धान बाहर फड़ में पड़ा रह गया है। उन्होंने बताया कि पिछले आठ वर्षों से इसी संस्था में धान बेचते आ रहे हैं उनका पंजीयन भी हो चुका है। फिर भी नया कर्मचारी उनका नाम तक नहीं निकाल पा रहा। इसी समस्या को लेकर आज तहसीलदार को शिकायत की हैं।

### जायज मांगों पर शासन गम्भीर नहीं

सहकारी समिति कर्मचारी कल्याण संघ के संभाग अध्यक्ष उत्तम सेठिया ने बताया कर्मचारियों की जायज मांगो को लेकर शासन गम्भीर नही है। हम पिछले कुछ वर्षों से केवल इतना ही कह रहे धान का सुखत, ऑपरेटरों को 6 माह के बदले सालभर का वेतन दिया जाय। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के रिक्त पदों पर 50 प्रतिशत सहकारी समितियों के कर्मचारियों को भर्ती मध्यप्रदेश की तर्ज पर छग में भी प्रबंधकीय अनुदान के रूप में प्रत्येक समिति को 3 लाख रुपए का प्रावधान किया जाए।

# स्वास्थ्य विभाग की चिरायु योजना बनी दूरस्थ अंचल के बच्चों की संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित चिरायु योजना सुदूर वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों के लिए सचमुच संजीवनी साबित हो रही है। इस योजना के अंतर्गत गंभीर बीमारियों, विशेषकर हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की पहचान कर उनका निःशुल्क उपचार कराया जा रहा है। इसी कड़ी में दुर्गुकोंदल क्षेत्र के काव्या सलाम, शिवम दर्रो और निधिका कोवाची को नया जीवन मिला है। चिरायु टीम द्वारा की जा रही नियमित स्वास्थ्य जांच के दौरान इन तीनों बच्चों में हृदय रोग लक्षण चिन्हांकित किए गए थे। काव्या सलाम जिसकी उम्र 1 वर्ष 8 माह आंगनबाड़ी महेन्द्रपुर की लाभार्थी हैं। इसी प्रकार शिवम दरो उम्र 6 वर्ष शासकीय प्राथमिक शाला आमाकड़ा के छात्र तथा निधिका कोवाची 8 वर्ष शासकीय प्राथमिक विद्यालय भूरके की छात्रा हैं। जांच में बीमारी की पुष्टि होने के बाद तीनों को रायपुर रेफर किया गया, जहां स्वास्थ्य विभाग की पहल पर एक निजी अस्पताल में इनका पूरी तरह से निशुल्क उपचार कराया गया। उपचार के बाद तीनों बच्चे अब पूरी तरह स्वस्थ हैं, जो चिरायु योजना की प्रभावशीलता को दर्शाता है। बच्चों के परिजन ने बताया कि यह योजना नहीं होती, तो इतने महंगे उपचार कराना उनके लिए संभव नहीं था।



### अवैध धान परिवहन रोकने बनाए गए पांच चेक पोस्ट

बकावंड। विकासखंड बकावंड में अवैध धान परिवहन पर रोक लगाने के लिए 5 चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं। जो ओडिशा प्रांत सीमा से लगे हुए हैं । कोलावल बदलावंड, पोटियावंड, नलपावंड तथा तारापुर में स्थापित किए गए हैं। जहां 24 घंटे निगरानी की जा रही है। राजस्व विभाग, वन विभाग, होमगार्ड और कोटवार को निगरानी दल में शामिल किया गया है।

## महर्षि कॉलेज में पत्रकारिता के आयाम पर हुई संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में गुरुवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य में एक गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पत्रकारिता के महत्व, चुनौतियों और नैतिक मूल्यों पर गहन चर्चा हुई, जिससे भावी पत्रकारों को मार्गदर्शन मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीमाल ने पत्रकारिता को समाज का चौथा स्तंभ बताया। मीडिया की जिम्मेदारी पर जोर देते हुए कहा कि सत्य और निष्पक्षता ही पत्रकारिता की नींव है। उन्होंने विशेष रूप से संकट काल और कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में मीडिया के संतुलित और जिम्मेदार कवरेज के महत्व को रेखांकित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित आईएफएस ऋषभ जैन, डीएफओ ने पर्यावरण पत्रकारिता और ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना के प्रसार पर प्रकाश डाला। बताया कि किस तरह से



मीडिया, वन संरक्षण और सामुदायिक विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस महत्वपूर्ण आयोजन में भानुप्रतापपुर प्रेस क्लब के सभी सदस्य भी सक्रिय रूप से उपस्थित रहें। उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और छात्र-छात्राओं को फील्ड रिपोर्टिंग की बारीकियों से अवगत कराया। मुख्यातिथियों ने समाचार संकलन, तथ्य-जाँच , डिजिटल मीडिया के प्रभाव और नैतिक पत्रकारिता के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। छात्रों को प्रेरित किया गया कि वे पत्रकारिता को केवल करियर नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी भरा मिशन मानें। महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी अतिथियों और प्रेस क्लब के साथियों का आभार व्यक्त किया।

## दक्षिण क्षेत्रीय अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद स्पर्धा का हुआ आयोजन

कांकेर। इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय रायपुर के मार्गदर्शन व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के नियामक अनुसार रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कांकेर में 26 से 29 नवम्बर तक दक्षिण क्षेत्रीय अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आयोजित प्रतियोगिता में शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र जगदलपुर, लिंगोमुदियाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र नारायणपुर, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कुरूद, कृषि अनुसंधान केन्द्र पखांजूर, महामाया कृषि अनुसंधान केन्द्र धमतरी तथा रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कांकेर से 228 खिलाड़ी अपने-अपने दलों के साथ भाग लेंगे। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका कबड्डी, खो-खो, बॉलीबाल, टेबल-टेनिस, बैडमिंटन महाविद्यालय परिसर कांकेर में तथा एथेलेटिक्स प्रतियोगिता- दौड़, लंबीकूद, ऊंचीकूद, तवाफेक, गोलाफेक एवं भालाफेक बालक बालिका वर्ग की प्रतियोगिता नगर सैनिक परिसर खेल मैदान सिंगारभाट में आयोजित किया जाएगा।

कृषि महाविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ. गिरीश चंदेल कुलपति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर तथा कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के आतिथ्य में किया जाएगा। समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण विधायक विधानसभा क्षेत्र कांकेर श्री आशाराम नेताम, अध्यक्ष छ.ग. मछुआ कल्याण बोर्ड श्री भरत मटियारा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर डॉ. संजय शर्मा, अधिष्ठाता लिंगोमुदियाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र नारायणपुर डॉ. रत्ना नशीने, अधिष्ठाता शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र जगदलपुर डॉ. रघुनाथ नेताम, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कुरूद डॉ. नवनीत राणा, अध्यक्ष सह अधिष्ठाता रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कांकेर डॉ. एन.के. रस्तोगी, खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन सचिव डॉ. जीवन लाल सलाम, व्यायाम शिक्षक, प्राध्यापक, कृषि वैज्ञानिक एवं जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित होंगे।

## कांग्रेस के पूर्व विधायक ने बैठक में कार्यकर्ताओं में भरा जोश

बकावंड। ब्लॉक कांग्रेस बकावंड एवं करपावण्ड के बी एलए प्रशिक्षण के लिए सदभावना भवन में संभाग प्रभारी पूर्व विधायक रेखचंद जैन की उपस्थिति में संपन्न हुई। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकतार्ओं में जोश भरा । इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ग्रामीण प्रेमशंकर शुक्ला,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिवराम बिसाई, सोनाधर बघेल, गणेश राम बघेल, विधायक प्रतिनिधि गोपाल कश्यप, जगमोहन बघेल, मोना पाढ़ी, तुलाराम सेठिया, नित्या चंद्राकर, निर्मला कश्यप एवं सभी मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## पेज 11 के शेष

### वाटर फॉल में...

मनाने के लिए चर्रे मर्रे गया था। मृतक श्यामसागर का पैर 16 नवंबर को शाम साढ़े 5 बजें अचानक फिसल गया। वाटर फॉल के गहरे पानी में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बेकाबू बाइक से...

प्रजापति की साली निधि सलाम फोन कर बताई कि 6 जून को जीजा घर के स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीव्ही 1373 से वर्चेगोदी के दोस्त विजय कावड़े के साथ में अस्पताल से दवाई लेने के लिए मेडिकल जा रहे थे। करीबन 3 बजे अलबेलापारा गार्डन के पास रास्ते मे उनका एक्सीडेंट हो गया। उनको गंभीर चोट आया है, जिसे इलाज के लिए लेकर आए है। परिवार के लोगो के साथ 7 जून को मेकाहारा अस्पताल रायपुर आया। रायपुर अस्पताल पहुचंने पर पता चला कि मेरा भाई राधेश्याम प्रजापति का मौत हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी विजय कावड़े के खिलाफ धारा 106 (1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### पटवारियों को धान...

को खरीदी केंद्र प्रबंधक एवं प्रभारी की जिम्मेदारी दे दी गई है। संघ ने तर्क दिया कि वर्तमान समय में पटवारियों पर विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों का भार पहले से ही लिए जा रहे है। पटवारी संघ का कहना है कि खरीदी केंद्रों में पूर्णकालिक प्रबंधक और प्रभारी की भूमिका निभाने से यह सभी राजस्व कार्य गंभीर रूप से प्रभावित होंगे। सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा जैसे महत्वपूर्ण मामलों का समय पर निराकरण रुक सकता है, जिससे किसान और आम जनता दोनों को परेशानी होगी। इसलिए संघ ने कलेक्टर से अनुरोध किया है कि खरीदी केंद्रों में प्रबंधक एवं प्रभारी की जिम्मेदारी अन्य विभाग के कर्मचारियों को सौंपी जाए। पटवारियों को केवल नोडल अधिकारी की भूमिका में ही रखा जाए, ताकि धान खरीदी और राजस्व विभाग दोनों के कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

### घर में तीन...

रहती है। इससे बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर परिवारों में भारी चिंता व्याप्त है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि लगातार जानकारी देने के बावजूद वन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उनका कहना है कि विभाग की लापरवाही की वजह से स्थिति और गंभीर होती जा रही है। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने मांग किया है कि भालू को जल्द से जल्द पकड़कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा जाए, ताकि मोहल्ले में फैली दहशत कम हो सके और लोगों को सुरक्षा का भरोसा मिले। इसके साथ ही उन्होंने वन विभाग से गश्त बढ़ाने, रेस्क्यू टीम तैनात करने और गांव के आसपास चेतावनी बोर्ड लगाने की भी मांग की है। दुधावा बस्ती के लोग अब वन विभाग की पहल का इंतजार कर रहे हैं, ताकि इस लगातार बढ़ते वन्यजीव आतंक से उन्हें राहत मिल सके।

### धान खरीदी ने...

सुरक्षा व्यवस्था और टोकन प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा किया। बासनवाही धान खरीदी केंद्र में एसडीएम अरुण वर्मा की उपस्थिति में प्रथम दिवस की खरीदी सुचारू रूप से शुरू हुई। इस दौरान नायब तहसीलदार, जनपद सदस्य, जनप्रतिनिधि पीके नेताम, समिति अध्यक्ष कमलेश नेताम तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे। किसानों ने बताया कि इस बार खरीदी केंद्रों में व्यवस्थाएँ पहले से बेहतर हैं और प्रशासन की सतत निगरानी से उन्हें राहत मिल रही है। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान खरीदी के दौरान कतई लापरवाही न हो, किसानों की समस्याएँ प्राथमिकता से सुनी जाएँ और खरीदी केन्द्रों में साफ-सफाई, पेयजल एवं तौल प्रक्रिया पर विशेष ध्यान रखा जाए। प्रशासन के सक्रिय प्रयासों और बेहतर प्रबंधन से कांकेर जिले में धान खरीदी प्रक्रिया सुचारू, पारदर्शी और तेज़ी से आगे बढ़ रही है, जिससे किसानों में संतोष और उत्साह का माहौल है।

### दो अलग-अलग...

मोटरसाइकिल चोरी की है। जांजगीर-चांपा जिले के खरौद निवासी मनोज भारद्वाज पिता रामचरण भारद्वाज (27 वर्ष) ने पुलिस को बताया कि 18 नवंबर की रात करीब साढ़े 8 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल सीजी 04 एनक्यू 2310 से शराब दुकान पहुंचा। मोटरसाइकिल को दुकान के सामने खड़ा कर वह अंदर खरीदारी करने गया था। कुछ देर बाद लौटने पर उसने पाया कि मोटरसाइकिल वहां नहीं थी। आसपास खोजबीन करने पर भी वाहन का कोई पता नहीं चला। किसी अज्ञात चोर ने उनका वाहन चोरी कर लिया था। मोटर सायकल की कीमत लगभग जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 80 हजार रुपएं की है। इस शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस दोनों ही मामलों में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा चोरों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि सुराग मिलने पर जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## विधायक उसेंडी ने किया दोनों विकासखंडों में लोकार्पण व भूमिपूजन

# कोंडागांव व माकड़ी के गांवों को दी 5 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी ने गुरुवार को कोंडागांव और माकड़ी विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में लगभग 5 करोड़ 53 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। उन्होंने ग्रामीणों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये कार्य क्षेत्र में शिक्षा, बुनियादी सुविधाओं और समग्र विकास को मजबूत करेंगे।

■ क्षेत्र में शिक्षा, बुनियादी सुविधाओं और समग्र विकास को मिलेगी मजबूती

विधायक उसेंडी ने ग्राम चिपावंड के डिपोपारा में 8.90 लाख रुपये की लागत से बने व्यावसायिक परिसर और हाई स्कूल चिपावंड में 11.66 लाख रुपये की लागत से निर्मित किचन शेड का लोकार्पण किया। माकड़ी विकासखंड के ग्राम तोरण्डी में 121.16 लाख रुपये की लागत से निर्मित हायर सेकेंडरी स्कूल भवन, ग्राम हीरावंडी में 15 लाख रुपये के व्यावसायिक परिसर और ग्राम उडिदगांव में 121.16 लाख रुपये के हाई सेकेंडरी स्कूल भवन का भूमिपूजन किया गया। ग्राम पीढ़ापाल में बुदेश्वर घर के पास 4 लाख रुपये की पुलिया, अरगुला डुमूरतलाब के पास 4 लाख रुपये की पुलिया तथा 20 लाख रुपये की लागत से आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवन निर्माण का भूमिपूजन किया गया।



### बालोंड और केरावाही में होगा हायर सेकेंडरी स्कूल व रंगमंच निर्माण

ग्राम बालोंड में 121.16 लाख रुपये की लागत से हायर सेकेंडरी स्कूल भवन और 2 लाख रुपये से रगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसी प्रकार ग्राम केरावाही में 121.16 लाख रुपये की लागत के हायर सेकेंडरी स्कूल भवन और पुजारीपारा–बाड़ा रोड में 3 लाख रुपये के रंगमंच निर्माण कार्य की नींव रखी गई।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रदमा बघेल, श्रीमती भगवती नेताम, जनपद पंचायत माकड़ी की अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयाम, जनपद पंचायत कोंडागांव के उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, जनपद सदस्य श्रीमती जुगबती नेताम, पूजा शर्मा, पन्ना लाल नेताम सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### मॉडल कॉलेज के छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन

**कांकेर।** उच्च शिक्षा विभाग एवं शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के तत्वाधान मे उत्तर बस्तर सेक्टर स्तरीय बैडमिंटन महिला व पुरुष प्रतियोगिता का अयोजन 18 से 19 नवंबर को शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय कोंडागांव में किया गया। प्रतियोगिता मे स्वामी आत्मानन्द शास. अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय कांकेर के खिलाड़ियो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। महाविद्यालय के खिलाड़ियो ने पुरुष वर्ग के फाईनल मे प्रवेश कर विजेता हुए, जिसमें गौरव मौर्य ने पहला स्थान, लेखन साहू ने दूसरा स्थान, आदित्य नामदेव ने चौथा स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए।

### राज्य बैडमिंटन स्पर्धा में अनीशा का चयन



**भानुप्रतापपुर।** सेक्टर स्तरीय बैडमिंटन महिला व पुरुष प्रतियोगिता में शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। महिला वर्ग में अनीशा नोहरे ने शानदार खेल कौशल और दमदार प्रदर्शन के बल पर तृतीय स्थान हासिल किया, जिसके साथ उनका चयन राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ।

### निर्वाचन आयोग की अपील ओटीपी सांझा कदापि न करें

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ ने सभी मतदाताओं को सतर्क करते हुए स्पष्ट किया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर से संबंधित किसी भी कार्य के लिए आयोग या उसका कोई भी ार्यालय मोबाइल फोन पर ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) नहीं मांगता। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि हाल ही में कुछ मामलों में अनजान व्यक्तियों द्वारा मतदाताओं से ओटीपी और निजी जानकारी मांगने की शिकायतें मिली हैं। आयोग ने इसे गंभीरता से लेते हुए मतदाताओं से अपील की है कि वे किसी भी परिस्थिति में ओटीपीए व्यक्तिगत जानकारी या दस्तावेज किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ साझा न करें।

# किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन जनप्रतिनिधियों ने तहसीलदार को सौंपा

## अतिवृष्टि सहित अन्य समस्याओं से आर्थिक संकट बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

वर्तमान खरीफ सत्र में किसानों को हो रही समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर ब्लॉक दुर्गुकोदल के प्रतिनिधियों व ग्रामीण किसानों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री एवं जिला कलेक्टर कांकेर के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई ने कहा कि इस वर्ष खरीफ फसल चक्र किसानों के लिए बेहद कठिन रहा है। बोनी से लेकर कटाई तक लगातार अवैध और अतिवृष्टि की स्थितियों ने फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। कई किसानों की फसलें लगभग नष्ट हो गईं, जिससे वे आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। साथ ही बड़ी संख्या में किसान एग्रीस्टैक पंजीयन न होने के कारण समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित होने की स्थिति में हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शोपसिंह आंचला ने ज्ञापन में उठाए गए मुख्य बिंदुओं को विस्तार से बताते हुए कहा कि अतिवृष्टि से जिन किसानों की फसल खरीदी योग्य नहीं बची है, उनके कृषि ऋण माफ किए जाएं या विशेष राहत पैकेज प्रदान किया जाए। धान खरीदी को सुचारू करने हेतु बारदाने की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि किसान परेशान न हों। ज्ञापन में वनाधिकार पट्टों की जमीन को एग्रीस्टैक में शामिल करने, एग्रीस्टैक पंजीयन के लिए समय सीमा बढ़ाने, खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तराजू का अनिवार्य उपयोग, तथा खरीदी में केवल बारदाना पासिंग प्रणाली लागू करने की मांग की गई। साथ ही दमकसा लेम्प्स में किसानों की अत्यधिक संख्या के कारण प्रतिदिन खरीदी में अव्यवस्था की स्थिति निर्मित होने का उल्लेख करते हुए लेम्प्स को दो भागों में विभाजित करने की मांग भी रखी गई।



### आर्थिक हानि से बच सकेंगे

किसानों का कहना है कि यदि शासन इन मांगों पर शीघ्र निर्णय लेता है, तो क्षेत्र के हजारों किसानों को राहत मिलेगी और वे आर्थिक हानि से बच सकेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान बाबूलाल कोला, तोरण दुग्गा, धनीराम पददा, पुनाऊराम दुग्गा, चंदन सिंह कोरेटी, परमानंद राणा, तुकाराम गावार, रूप सिंह कोमरे, फूल सिंह नरेटी, रामेश्वर भुवाय, नुरेश खड्डे, सोमू कोरोटी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

**कार्यक्रम :** बाल सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के समापन पर विधायक आशाराम नेताम का प्रेरक संबोधन

# अनुशासन जीवन की सबसे बड़ी ताकत नियमों के पालन से आती है जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- ट्रैफिक नियमों, साइबर क्राइम से बचाव, सोशल मीडिया सुरक्षा तथा आत्म-रक्षा की जानकारी कार्यक्रम में दी गई





पुलिस विभाग द्वारा जिलेभर में संचालित बाल सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का गुरूवार को नरहरदेव हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में सफल समापन हुआ। सप्ताह भर चले इस आयोजन में बच्चों को सुरक्षा, जागरूकता, ट्रैफिक नियमों, साइबर क्राइम से बचाव, सोशल मीडिया सुरक्षा तथा आत्म-रक्षा के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक आशाराम नेताम ने बच्चों को अनुशासन, जिम्मेदारी और जीवन मूल्यों पर प्रेरक संबोधन दिया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक ने कहा कि अनुशासन ही हमारा परिचय है, और इसी से हमें समाज में पहचाना जाता है।/" उन्होंने विद्यार्थियों को समझाते हुए बताया कि जो बच्चे अनुशासन में रहते हैं, उनका नाम हमेशा कक्षा में सबसे आगे रहता है और वे अपनी प्रस्तुति से सभी का ध्यान आकर्षित करते हैं। उन्होंने कहा कि अनुशासन केवल स्कूल तक सीमित नहीं, बल्कि यह जीवन भर साथ रहने वाली सर्वोच्च सीख है। विधायक ने उदाहरण देते हुए कहा कि 18 वर्ष की आयु के बाद मिलने वाला वाहन चलाने का लाइसेंस भी तभी सार्थक है, जब व्यक्ति ट्रैफिक नियमों का पालन करे, अनुचित स्थान पर वाहन न खड़ा करे तथा दूसरों की वस्तु को अपनी न समझे। उन्होंने कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। जीवन भर सीखना है, जीवन भर पढ़ना है और जीवन भर अनुशासन में रहना है। उन्होंने हंसते हुए कहा कि चाहे वह किसी भी बच्चे का नाम न जानते हों, लेकिन सभी बच्चे उन्हें पहचानते हैं, यह भी अनुशासन और सम्मान की शिक्षा का परिणाम है। नगरपालिका अध्यक्ष ने भी अपने विचार रखें, वहीं एएसपी दिनेश सिन्हा ने कार्यक्रम के रूपरेखा की जानकारी दिया।

### संयुक्त प्रयास से बच्चों की मिली महत्वपूर्ण जानकारी

कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने कहा कि बाल सुरक्षा सप्ताह का उद्देश्य बच्चों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आज के समय में ट्रैफिक सुरक्षा, साइबर क्राइम, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग और आत्म-रक्षा जैसे विषय बच्चों की दैनिक जरूरत बन चुके हैं। इस सप्ताह भर चले अभियान में पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग और स्कूल प्रबंधन के संयुक्त प्रयासों से हजारों बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। हमें विश्वास है कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें सुरक्षित वातावरण में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। जिला प्रशासन भविष्य में भी ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रमों को प्राथमिकता देगा।

### हर बच्चा निर्भय होकर पढ़े-बढ़े

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने कहा कि पुलिस विभाग का उद्देश्य केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि समाज के नन्हें नागरिकों को सुरक्षा के प्रति सजग बनाना भी है। बाल सुरक्षा सप्ताह के दौरान जिलेभर के विद्यालयों में ट्रैफिक नियमों, साइबर सुरक्षा, गुड-टच, बैड-टच, आत्मरक्षा और हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। बच्चों में जागरूकता बढ़ने से अपराधों की रोकथाम में बड़ी मदद मिलती है। हमारा प्रयास है कि हर बच्चा निर्भय होकर पढ़े-बढ़े और अपनी सुरक्षा के लिए आवश्यक ज्ञान प्राप्त करे। पुलिस विभाग आगे भी ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करता रहेगा।

### विहान समूह का लाखों रुपए लेकर अध्यक्ष फरार पुलिस विवेचना जारी



**पखांजुर।** थाना क्षेत्र पखांजुर के उजाला गांव में संचालित विहान की महिला सदस्यों के साथ धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है। समूह की अध्यक्ष मनीषा विश्वास पर बैंक से लिए गए 7 लाख रुपएं के ऋण की राशि लेकर फरार होने का आरोप लगा है। समूह की अन्य सदस्यों ने बताया कि उन्होंने बैंक से 7 लाख रुपएं का लोन लिया था। यह पैसा समूह की अध्यक्ष मनीषा विश्वास लेकर भाग गई हैं। समूह की सदस्य पिछले लगभग एक साल से इस धोखाधड़ी के कारण परेशान हैं। थक हारकर विहान समूह की महिलाएं 20 नवंबर को पखांजुर थाना पहुंचीं और समूह की अध्यक्ष मनीषा विश्वास के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराकर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। पुलिस अब मामले की गंभीरता को देखते हुए फरार अध्यक्ष की तलाश और मामले की जांच में जुट गई है। इस घटना से उजाला गांव के अन्य स्व-सहायता समूहों में भी हड़कंप मच गया है।

## रानी लक्ष्मीबाई जयंती पर एबीवीपी ने मनाई



**भानुप्रतापपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आज रानी लक्ष्मीबाई जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत रानी लक्ष्मीबाई के छायाचित्र पर पूजन-अर्चन कर की गई। इसके बाद विद्यार्थियों को वीरांगना लक्ष्मीबाई के शौर्य, देशभक्ति और अदम्य साहस से भरे जीवन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने रानी लक्ष्मीबाई के त्याग, पराक्रम और देश के प्रति समर्पण को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करना, वीरांगनाओं के योगदान का सम्मान करना तथा इतिहास की महान विभूतियों से सीख लेने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। एबीवीपी द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में उत्साह एवं प्रेरणा का संचार करते हुए सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## बाल सुरक्षा सप्ताह में डिजिटल क्राइम की जानकारी दी

**बासनवाही।** जिले की अंतिम सीमा पर स्थित ग्राम साईमुण्डा के प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल में बाल सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को सुरक्षा से जुड़े विविध महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। बुधवार 19 नवंबर को चौकी दुधावा की टीम एवं विशेषज्ञों ने बच्चों को गुड टच-बैड टच के बारे में विस्तार से समझाया। साथ ही बढ़ते सायबर अपराध, ऑनलाइन ठगी से बचने के तरीके, धोखाधड़ी से निपटने के उपाय, यातायात सुरक्षा नियम, तथा महिला एवं बालिका संबंधी अपराधों से बचाव पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अधिकारियों ने मोबाइल के बढ़ते दुरुपयोग को ध्यान में रखते हुए फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर होने वाले खतरों के बारे में बच्चों को सचेत किया। उन्होंने बताया कि गलत जानकारी साझा करने, अनजान लोगों से बातचीत करने और निजी फोटो जानकारी इंटरनेट पर पोस्ट करने से क्या नुकसान हो सकते हैं तथा उनसे बचने के कौन-कौन से सुरक्षित उपाय अपनाए जाने चाहिए। कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल प्रबंधन द्वारा खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें उत्साहपूर्वक भाग लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए।



आयोजित कार्यक्रम में सरपंच सरिता मंडावी, बीईओ ऐमन जैन, बीआरसी भूपेन्द्र गंगबेर, प्रभारी प्राचार्य एआर रावत, सीआरसी एसआर कुंजाम, चौकी प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार वर्मा सहित प्रधान आरक्षक गुरूचद शोरी, आरक्षक महेन्द्र भास्कर, अमृत नाग, मिथिलेश कोटपरिहा एवं दुधावा चौकी के अन्य कर्मचारी, साईमुण्डा ग्राम के जनप्रतिनिधि रामचंद मंडावी, रामसागर मरकाम, मिथिलेश मंडावी सहित ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

## बस्तर ओलंपिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही



शासकीय उमावि बासनवाही के छात्रों के द्वारा बस्तर ओलंपिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन करने पर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस सम्मान समारोह में प्रतिभागियों को गुलाल लगाकर तथा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

बस्तर ओलंपिक का आयोजन विकासखंड स्तरीय रूप से नरहरपुर में तथा जिला स्तरीय रूप से कांकेर में किया गया। इन प्रतियोगिताओं में बासनवाही विद्यालय के छात्रों ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल कीं। ऊँची कूद में शानदार प्रदर्शन करउषा मरकाम ने ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन सुनिश्चित किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भी उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया और अब वे संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। मधु नेताम ने ऊँची कूद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। तीरंदाजी में ज्योति ठाकुर ने प्रथम स्थान और निधि मरकाम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कबड्डी टीम का उत्साहजनक प्रदर्शन रहा जिसमें दिव्या चक्रधारी, मधु, उषा, दिशा, रुक्मणी, संतोषी, मनीषा और नेहा नेताम ने मिलकर दमदार खेल दिखाया और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में राजेश मरकाम, डीएल नेताम, प्रदीप कुलदीप, रामरतन पांडेय, केके गंजीर, हेमंत नेताम, दयाशंकर साहू, टीएल साहू प्रधान अध्यापक, प्रशांत चंद्राकर, पवन पटेल, केके साहू, भूपेश साहू, सुमन ठाकुर, कामेश्वरी मरकाम, मयंक गंजीर, सोमेन्द्र सिन्हा और संजय दास मानिकपुरी उपस्थित रहे।

विद्यालय परिवार ने सभी विजेताओं तथा प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य देवकरण भास्कर ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी उपलब्धियाँ बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं।

# आपरेटर संकट से पीवी- 12 धान खरीदी केंद्र में ताला, किसानों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर




कापसी क्षेत्र के अन्नदाताओं के लिए चिंताजनक खबर सामने आई है। धान खरीदी केंद्र पीव्ही 12 में शासकीय खरीदी शुरू हुए कई दिन बीत जाने के बावजूद, अब तक एक दाना भी धान नहीं खरीदा गया है। इसका मुख्य कारण कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति को लेकर चल रहा गंभीर संकट है, जिसने पूरी खरीद प्रक्रिया को ठप कर दिया है। केंद्र पर नियुक्त किए गए पहले ऑपरेटर ने बिना जॉइनिंग किए ही काम छोड़ दिया और अपना मोबाइल बंद कर लिया। इसके बाद दूसरे ऑपरेटर की नियुक्ति की गई, जिसने आने से सीधे इंकार कर दिया। जिन ऑपरेटरों को विधिवत ट्रेनिंग दी गई थी, उन्होंने भी धान खरीदी केंद्र में काम नहीं करेंगे कहकर केंद्र पर पहुंचने से मना कर दिया है। इस विकट स्थिति से निपटने के लिए स्थानीय पटवारी अब ग्रामीण युवाओं को ढूंढ रहे हैं, जिन्हें कंप्यूटर चलाना आता हो। पटवारी का कहना है कि उन्हें उच्च अधिकारियों से यह आदेश मिला है कि जो भी मिले, उसे वैकल्पिक व्यवस्था के तहत काम पर लगाया जाए। प्रशासन के इस जल्दबाजी वाले कदम पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। किसानों और स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस व्यक्ति को धान खरीदी केंद्र के सॉफ्टवेयर और नियमों की कोई जानकारी नहीं है और जिसे कोई ट्रेनिंग भी नहीं दी गई, वह सही तरीके से खरीदी का कार्य कैसे करेगा। खरीदी में होने वाली किसी भी गलती का खामियाजा अंततः किसान और केंद्र को ही भुगतना पड़ेगा। धान खरीदी में हो रही इस देरी से क्षेत्र के किसान गहरे संकट में घिर गए हैं। बैंक से कर्ज लेकर और अथक मेहनत से बोई गई धान की फसल आज मझधार में लटकी हुई है। एक किसान ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि यदि हम समय पर धान नहीं बेच पाएंगे, तो बैंक का कर्ज, बेटी की शादी और घर-परिवार चलाना असंभव हो जाएगा। किसानों ने शासन-प्रशासन से अपील की है कि वे इस गंभीर मामले पर तुरंत ध्यान दें।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## बारदा में निर्धारित वजन से ज्यादा धान लेने से किसान परेशान



**पखांजुर।** सरकारी दर पर धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू होने के बावजूद कई खरीदी केंद्रों पर धीमी गति और मनमानी से किसान भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। धान की तौल में निर्धारित मात्रा से अधिक धान लिए जाने की गंभीर शिकायतें सामने आई हैं, जिससे किसानों में रोष व्याप्त है और वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। मामला बारदा धान खरीदी केंद्र का है, जहां किसानों के साथ सीधे-सीधे लूट की जा रही है। नियमानुसार एक बोरी धान का वजन 40 किलो धान और 600 ग्राम बोरे का वजन कुल 40 किलो 600 ग्राम होना चाहिए। बारदा केंद्र में बीते बुधवार को तीन किसानों से और गुरूवार को किसान तरुण विश्वास से 41 किलो 200 ग्राम प्रति बोरी की दर से धान लिया गया। इसका मतलब है कि प्रत्येक बोरी में किसानों से 600 ग्राम धान अतिरिक्त लिया जा रहा है, जिससे उन्हें बड़ा आर्थिक नुकसान हो रहा है। इस अनियमितता के संबंध में जिम्मेदार अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने एक-दूसरे पर जिम्मेदारी टाल दी। खरीदी केंद्र प्रभारी व सचिव ने बताया कि तहसीलदार की उपस्थिति में खरीदी हुई थी, इसलिए वे ही बता पाएंगे कि किसानों से कितना धान लिया गया। नोडल अधिकारी तहसीलदार पखांजुर ने कहा कि वह केवल नोडल अधिकारी हैं और केंद्र प्रभारी सचिव हैं। यदि गलती पाई जाती है तो कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम टीआर देवांगन से बात करने पर उन्होंने बताया मामले की जानकारी लेने के बाद ही कुछ बता पाएंगे। किसानों ने प्रशासन से तत्काल इस मनमानी पर रोक लगाने और धान की तौल नियमानुसार करने की मांग की है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411